# अध्यक्ष, पटना क्षेत्र का प्रतिवेदन ....



आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मुख्य अतिथि, इ०चन्द्रेश्वर सिन्हा, महासचिव, मंच पर उपस्थित अतिथि, विशिष्ट अतिथि, केन्द्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी तथा कार्य समिति एवं परामर्शदातृ समिति के सदस्यगण, संरक्षकगण, मौर्य कुशवाहा अभियंता भवन निर्माण समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण और आम सभा मे उपस्थित सभी सदस्य तथा भाई-बहनों! पटना क्षेत्र की ओर से कुशवाहा अभियंता फोरम की 27वीं वार्षिक आम सभा मे आपसबों का हार्दिक स्वागत करता हूँ।

गतवर्ष में पटना क्षेत्र की उपलब्धी फोरम के स्मारिका में परिलक्षित है। कई वर्षो से शिथिल पड़े कार्य को एक नई उर्जा देकर पटना क्षेत्र के लक्ष्य को पार करते हुए पटना क्षेत्र के एक मात्र कोषाध्यक्ष ई० शिव शंकर सिंह जी के सहयोग से 67 नये आजीवन सदस्य बनाये गए। विभिन्न मुहल्लों में सदस्यों के सहयोग से कई मासिक बैठकें की गई। छात्रवृत्ति एवं भवन निर्माण में निधि अर्जित करने का कार्य किया गया। जिस पटना क्षेत्र में कई वर्षो से मासिक बैठके नहीं हो रही थी उसे घर-घर सम्पर्क कर एक दूसरे को शुभकामनाएँ बाँटने समाज के लोगो को जागृत कर सदस्य बनाने, फोरम के स्मारिका मे शादी योग्य कुशवाहा लड़के-लड़कियों का ब्योरा देने के लिए प्रेरित कर समाज के लोगों को सहयोग देने तथा पटना क्षेत्र मे फोरम के स्मारिका के महत्व को लोगों के बीच बतलाकर स्मारिका के मांग बढ़ाने का कार्य किया गया है। उसके लिए सम्पादक मंडल भी प्रशंसा के पात्र है।

पटना क्षेत्र के सचिव इ० प्रभात कुमार सिंह के पटना से स्थानातरण पर ऐसा लगा कि पटना क्षेत्र की बैठक अब कैसे होगी? परन्तु कोषाध्यक्ष जी ने सहयोग दिया और प्राय: हर महीने कभी यहाँ तो कभी वहाँ बैठके होती रही और आजीवन सदस्य बनाने, मैरेज ब्यूरों में लड़के-लड़कियों का बायोडाटा संग्रह करने, छात्रवृति तथा भवन निर्माण में दान प्राप्त करने का कार्य किया गया। विज्ञापन दाताओं को स्मारिका की ओर जागृत किया गया, जिससे स्मारिका प्रकाशन कार्य सम्पादन में सहयोग मिला। मैनें कार्य के दौरान यह अनुभव किया कि लोगो से सम्पर्क स्थापित कर सदस्यों को जागृत करने की आवश्यकता है। जिससे सदस्य बैठक में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होगें।

सदस्यों से आग्रह करना चाहता हुँ कि मासिक बैठकों में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित दर्ज करने और क्षेत्रीय कार्यों में सहयोग प्रदान कर फोरम को नई दिशा देने का कार्य करेगें।

अंत में आप सभी को हार्दिक अभिनन्दन करते हुए सभी सदस्यों, सगे सम्बंधियों को हार्दिक शुभकामनाओं के साथ शुभ विदा।

जय हिन्द जय कुशवाहा अभियंता फोरम।



(इ० सुरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा)

अध्यक्ष, पटना क्षेत्र सह केन्द्रीय कार्य समिति सदस्य

कुशवाहा अभियंता फोरम, पटना।